प्रादेशिक समाचार

20.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 68 फीसदी मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग।

2. महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक करीब 80 प्रतिशत मतदान और बोकारो में सबसे कम 51 फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट।

3. सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और चार मंत्रियों समेत कई दिग्गजों के राजनीतिक भाग्य ईवीएम में बंद।

4. एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।

5. झारखंड की दीपिका की बदौलत भारत ने चीन को हराकर एशियाई महिला हॉकी टीम का खिताब जीता।

***************

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। लोकतंत्र के महापर्व को लेकर आम और खास सभी ने अपनी भागीदारी का निर्वहण किया। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ0 नेहा अरोड़ा ने बताया कि इस चरण में शाम पांच बजे तक–सड़सठ दशमलव उनसठ फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस चरण में एक करोड़ 23 लाख से अधिक मतदाता पांच सौ 28 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बउरी, आजसू पार्री के प्रमुख सुदेश कुमार महतो और कल्पना सोरेन के अलावा चार मंत्री–इरफान अंसारी, हफीजउल हसन, दीपिका पांडे सिंह और बेबी देवी प्रमुख रुप से शामिल हैं। मतदान संपन्न होने के बाद मतदान कर्मी ईवीएम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वज्रगृहों में जमा कर रहे हैं।

***************

देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 111 के पीठासीन पदाधिकारी रामानंद पासवान को हिरासत में लिया गया है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रामानंद पासवान पर चुनाव की गोपनीयता भंग करने का आरोप है।

***************

और अब आपको सीधे लिये चलते हैं रांची, जहां के दो विधानसभा क्षेत्रों खिजरी और सिल्ली में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गयी है। कर्मबीर आप बतायें आपके इलाके में कैसा रहा मतदाताओं का उत्साह।

***************

दूसरे चरण के लिए हुए मतदान के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दावा किया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

***************

इधर भाजपा नेता और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने भी दावा किया है कि राज्य में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

****************

इस बीच झामुमो की वरिष्ठ नेता कल्पना सोरेन ने दावा किया है कि जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में रहेगा और राज्य में अगली सरकार भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनेगी।

****************

इधर, कांग्रेस ने भी दावा किया है कि राज्य में अगली सरकार इंडिया गठबंधन की ही बनेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सरकार के कामकाज को जनता का समर्थन प्राप्त हुआ है।

****************

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे से आठ बजकर तीस मिनट तक जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा में प्रभात खबर के कार्यकारी संपादक अनुज कुमार सिन्हा और वरिष्ठ पत्रकार मधुकर भाग लेंगे।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में सुबह और रात की ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। खूंटी का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव आठ डिग्री जबकि गुमला का नौ दशमलव पांच डिग्री और रांची का न्यूनतम तापमान दस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं लोहरदगा का न्यूनतम तापमान दस दशमलव चार डिग्री जबकि पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और गढ़वा का 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****************

बिहार के राजगीर में एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भारत ने जीत लिया है। आज हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को एक–शून्य से पराजित कर दिया। भारत की तरफ से एक मात्र गोल झारखंड की दीपिका ने किया। यह टूर्नामेंट में उनका 11वां गोल था। भारतीय टीम में झारखंड की कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रही थीं।

******समाप्त*******